एक नजर में

मंत्री निर्मला भूरिया का आज मंदसौर में भ्रमण

मंदसौर। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का 9 अगस्त को मंदसौर आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत सुश्री भूरिया 9 अगस्त को दोपहर 3 बजे मंदसौर आकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होगी वे इसी दिन शाम 6 बजे मंदसौर से झाबुआ के लिए प्रस्थान कर करेगी।

सीतामऊ में कल निकलेगी कावड़ और पदयात्रा

सीतामऊ। हिन्दू रक्षक आर्मी के तत्वावधान में द्वितीय श्रावण सोमवार के अवसर पर 10 अगस्त को विशाल कावड़ एवं पदयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे मोड़ीमाताजी मंदिर से होगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। आयोजकों के अनुसार यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कावड़ यात्रियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर तैयारियां जारी हैं तथा श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। समिति द्वारा यात्रियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी। वहीं यात्रा के बाद कावड़ यात्रियों को वापस लाने के लिए बस की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। हिन्दू रक्षक आर्मी एवं समस्त हिन्दू समाज की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

भाजपा की मासिक जिला बैठक आज

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार नियमित मासिक बैठकों के क्रम में भाजपा जिला मंदसौर की मासिक जिला बैठक आज, 9 अगस्त 2026, शाम 4:00 बजे जिला मुख्यालय स्थित होटल महक पैलेस में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा आदि कि गरीमामय उपस्थिति में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित कि अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा गतिविधियों तथा विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे। बैठक में अपेक्षित श्रेणी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण पार्टी पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण आदि उपस्थित रहेंगे।

नंदावता में शाला प्रबंधन समिति के चुनाव

नंदावता। शा उ मा विद्यालय नंदावता मे शाला प्रबंधन समिति के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए बैठक की कीअध्यक्षता सरपंच शंकर लाल मालवीय ने की जिसमें अध्यक्ष पवन सिंह आंजना, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता उमेश पालीवाल सर्व सम्मति से चुने गए इस अवसर पर पूर्व छात्र बालेश्वर गेहलोत, वर्तमान विद्यार्थी दिव्यांशी लश्कर, वरिष्ठ शिक्षक राम रतन कुमावत, विषय शिक्षक हीरालाल मालवी सदस्य अंम्बालाल धनगर, श्रीमती टिना बाई शर्मा, श्रीमती रीना बाई यादव, रमेश सूर्यवंशी, श्रीमती सुगन बाई, पुष्पेंद्र सिंह, श्रीमती गोविंद कुंवर, श्रीमती पार्वती बाई बाबूलाल, बसंती लाल, श्रीमती कृष्णा बाई समरथ आदि पालक उपस्थिति रहे संपन्न हुए साथ ही भवन निर्माण समिति एवं शैक्षणिक समिति का गठन भी हुआ। विषय की प्रस्तावना एवं संचालन प्राचार्य वजेराम बामनिया ने किया। इस अवसर पर स्टॉफ के सदस्य भी उपस्थित थे।

विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा मध्यप्रदेश : देवड़ा

37 लाख की लागत से अटल ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण, उप मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण

मंदसौर। (सुधीर शर्मा) प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शनिवार को मल्हारगढ़ क्षेत्र के ग्राम खेरखेड़ा में 37 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। गांवों से लेकर शहरों तक तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से आमजन की समस्याओं और शिकायतों का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया गया है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर गांव-गांव को आपस में जोड़ा गया है। पहले जिन स्थानों तक पहुंचने में कई घंटे लगते थे, अब बेहतर सड़क सुविधाओं के कारण कम समय में पहुंचना संभव हुआ है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र लोगों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मल्हारगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए देवड़ा ने कहा कि क्षेत्र के गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है। गांधी सागर बांध का पानी क्षेत्र के प्रत्येक खेत तक पहुंचाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। गेहूं उत्पादन में प्रदेश देश में अग्रणी है। किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के साथ ही हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

सकारात्मक रख नकारात्मकता से बचें लोग : मुनि प्रत्यक्ष रत्न विजयजी

मंदसौर। मानव जीवन में सकारात्मक विचार (पॉजीटिव थिंकिंग) सदैव ही ऊर्जा प्रदान करती है तथा नकारात्मक विचार (नेगेटिव थिंकिंग) जीवन को दुःखी बनाती है मानव जीवन में हमें सकारात्मक विचार रखना चाहिये तथा नकारात्मक विचारों से दूरी रखना चाहिये।

उक्त उद्गार परम पूज्य जैन मुनि श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. ने मुनि श्री पवित्र रत्न विजयजी म.सा. की उपस्थिति में राजेंद्र विलास (जीवागंज) में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने शनिवार को यहा धर्मसभा में कहा कि जीवन में कैसी भी परिस्थितियां आये लेकिन हमें सकारात्मक विचारों का त्याग नहीं करना चाहिये, मन में सकारात्मक विचार होंगे तो हम जीवन में पुनः सफलता प्राप्त कर पायेंगे लेकिन यदि हमने नकारात्मक विचारों को महत्व दी तो हमारा जीवन भी नकारात्मकता की ओर बड जायेगा। आपने पाण्डवों व कौरवो का दृष्टान्त बताते हुये कहा कि कौरवो ने सदैव पाण्डवो के प्रति नकारात्मक विचार रखे अर्थात शत्रुता का भाव रखा जबकि पाण्डवो ने अपनी शक्ति को सकारात्मक विचारों की ओर लगाया इसी कारण पाण्डव जीवन में सफल रहे। मुनि श्री पवित्र रत्न विजयजी म.सा. ने कहा कि आजकल घर परिवारो में नये नाम रखने का प्रचलन बडा है बच्चों के नाम सदैव सोच विचार कर महापुरुषों के नाम पर रखने चाहिये। नाम ऐसा हो कि नाम पुकारते ही पॉजीटिव विचार मन में आए, जीवन में सदैव शुभ भाव से अच्छा काम करो सफलता मिलेगी।

सांवरिया सेठ के लिए पदयात्री रवाना

पिपलिया मंडी। भगवान श्री साँवलिया सेठ के प्रति आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा शनिवार को पिपलिया में देखने को मिला। मंडफिया मित्र मंडल के तत्वावधान में लगातार 10 वें वर्ष भगवान श्री साँवलिया सेठ के दर्शन के लिए 106 किमी विशाल पैदल यात्रा धूमधाम और भक्तिमय माहौल के बीच रवाना हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे और ढोल की भक्तिमय धुनों के बीच श्रद्धालु भगवान साँवलिया सेठ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

पैदल यात्रा के रवाना होने के दौरान नगर में उत्साह और धार्मिक वातावरण देखने को मिला। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं पैदल यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पुष्पमालाएं पहनाकर यात्रियों का अभिनंदन किया गया। जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

यात्रा मण्डी बालाजी मंदिर से मंडफिया स्थित भगवान श्री सांवलिया सेठ मंदिर तक होगी। इसमें श्रद्धालु हाथों में धार्मिक ध्वज लेकर एवं भगवान साँवलिया सेठ के जयकारे लगाते हुए पैदल रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए टिलाखेड़ा बालाजी मंदिर से लेकर यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई।

आज से 17 तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव भी अभियान से जुड़ेगा, 14 अगस्त को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

मंदसौर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान-2026 का आयोजन व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। अभियान के साथ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव भी जोड़ा गया है। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान में तिरंगा आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इनमें तिरंगा कला, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, तिरंगा बुनाई, तिरंगा विषयक प्रश्नोत्तरी, तिरंगा सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था, तिरंगा संगीत कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक प्रमुख रूप से शामिल हैं। सैन्य बलों के जवानों एवं पुलिसकर्मियों के सम्मान में 'पत्र लेखन' जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा ई-बाइक एवं साइकिल रैली, तिरंगा यात्रा, मानव श्रृंखला और तिरंगा एंथम सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

सोशल मीडिया पर सक्रियता: अभियान के तहत नागरिकों को तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। घरों एवं वाहनों पर तिरंगा लगाने के साथ जिले में सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा।

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संवेदनशीलता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विस्थापन का दंश झेलने वाले एवं विभाजन के दौरान प्राण गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। जिला एवं संभाग स्तर पर शांति मार्च निकाले जाएंगे तथा स्मृति सभाओं का आयोजन होगा। विभाजन से प्रभावित परिवारों अथवा उनके प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा कराए जाएंगे। सार्वजनिक स्थलों, पुस्तकालयों एवं प्रशासनिक भवनों में विभाजन के ऐतिहासिक घटनाक्रम और विस्थापितों के संघर्ष को दर्शाने वाली तस्वीरों एवं अभिलेखों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

प्रोजेक्ट जलधारा में सिप्ला कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण

883 आदिवासी परिवारों के जीवन में आए बदलावों को जाना, पारंपरिक आदिवासी नृत्य से हुआ स्वागत

मंदसौर। सिप्ला के सहयोग एवं बाएफ लाइवलीहुड्स द्वारा ग्राम पंचायत फरसपुरा में पिछले तीन वर्षों से संचालित प्रोजेक्ट जलधारा के तहत सिप्ला पीथमपुर के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ केसर आम की वाड़ियों में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में सिप्ला के 32 कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर सिप्ला पीथमपुर के एचआर प्रमुख गिरीश वेरुलकर, महेश सोमानी सहित कर्मचारी तथा बाएफ लाइवलीहुड्स के रीजनल मैनेजर जे.एल. पाटीदार, परियोजना अधिकारी हरिओम पटेल सहित टीम सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सिप्ला टीम ने प्रोजेक्ट से जुड़े 883 आदिवासी परिवारों के जीवन में आए

बदलावों की जानकारी ग्रामीणों से सीधे संवाद कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि फरसपुरा, सिमराली, मसीदपुरा, सादराबाद एवं जहागीरपुरा में जल एवं मृदा संरक्षण, कुओं-बोरवेल रिचार्ज, सोलर वाटर सप्लाई, सोलर पंप, सोलर स्ट्रीट एवं होम लाइट, मल्चिंग तकनीक से सब्जी उत्पादन तथा केसर आम की वाड़ियों के विकास सहित कई कार्य किए गए हैं। इन क्षेत्र में बदलाव दिखाई दिया।

आदिवासी संस्कृति की झलक: सिप्ला कर्मचारियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज से स्वागत किया। महिलाओं ने विशेष रूप से आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा प्रोजेक्ट के माध्यम से ताजी सब्जियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

नीमच

एक नजर में

झूठा केस करवाने का आरोप, एसपी को ज्ञापन

नीमच। लक्कड़ मंडी निवासी नाजरीन पति मोहम्मद शकील ने अपने पुत्र मोहम्मद शादाब के साथ हुए विवाद के बाद उसके विरुद्ध झूठा प्रकरण दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए आवेदन में नाजरीन ने बताया कि 6 अगस्त की शाम करीब 7.30 बजे उसका पुत्र मोहम्मद शादाब लक्कड़ मंडी चौराहे पर बैठा हुआ था। इसी दौरान ताहिर हुसैन वहां पहुंचा और कथित रूप से उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि कुछ समय बाद ताहिर का भाई मोहम्मद इमरान एवं भतीजा जीशान कुरैशी भी मौके पर पहुंचे, जहां शादाब के साथ विवाद एवं गाली-गलौच की गई। नाजरीन का कहना है कि घटना के बाद उसका पुत्र अपनी शिकायत लेकर नीमच कैंट थाने पहुंचा था, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और केवल लिखित शिकायत लेकर उसे वापस भेज दिया गया। इसके बाद आरोप है कि अगले दिन दूसरे पक्ष द्वारा प्रभाव का उपयोग करते हुए शादाब के खिलाफ कथित रूप से झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया गया। आवेदन में नाजरीन ने बताया कि वास्तविक विवाद उसके पुत्र के साथ हुआ था, बावजूद इसके कार्रवाई उसके विरुद्ध की गई। उसने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, उसके पुत्र की शिकायत पर भी उचित कार्रवाई करने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

श्रमदान कर की गई ग्रीन बेल्ट की सफाई

नीमच। प्रकृति ने इस धरा पर जीवन जीने के लिए मानव को बहुत कुछ दिया है, ऐसे में हमारा भी दायित्व है कि हम प्रकृति को कुछ लौटाएं। इसी उद्देश्य को लेकर पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा शनिवार, 8 अगस्त 2026 को गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट-1 स्मृति वन परिसर में दो घंटे श्रमदान किया गया। सुबह 8 से 10 बजे तक चले श्रमदान के दौरान संस्था सदस्यों ने परिसर से प्लास्टिक, पॉलीथिन थैलियां, पन्नी एवं अन्य गंदा कचरा एकत्रित कर परिसर की सफाई की। इसके बाद पूर्व रोपित पेड़-पौधों के आसपास उगी कंटीली झाड़ियों एवं खरपतवार को हटाकर परिसर को स्वच्छ किया गया। भाटखेड़ा से डूंगलावदा तक फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान परिसर की सीमेंट पोल, तार फेसिंग आदि क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे पेड़-पौधों को नुकसान पहुंच रहा था। पर्यावरण मित्रों ने क्षतिग्रस्त तार फेसिंग एवं सीमेंट पोल को दुरुस्त कर पेड़-पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसके पश्चात संस्था सदस्य अनुप सिंह चौधरी के जन्मदिवस को यादगार बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार, फूलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान नीम, पीपल, जामुन, अमरूद, आंवला सहित अन्य पौधे रोपित कर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लिया गया। संस्था संरक्षक इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की कमी के कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे आमजन विभिन्न गंभीर बीमारियों से प्रभावित हो रहे हैं। प्राणी जगत के लिए शुद्ध वातावरण आवश्यक है, जो पेड़-पौधों के बिना संभव नहीं है। संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने कहा कि विकास की अंधाधुंध दौड़ में बिना सोचे-समझे जंगलों की कटाई की जा रही है। इसी तरह शहरों में भी बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जो प्राणी जगत के साथ-साथ प्रकृति के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्षाकाल में सभी को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लेना चाहिए। अभियान में संस्था संरक्षक इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, संयुक्त सचिव केशव सिंह चौहान, सुकुमार आगर, मुरली चावरिया, मनीष काठेड सहित अन्य सदस्यों ने दो घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

डिकेन पुलिस पर वसूली का आरोप, रातभर रखा हिरासत में

नीमच। रतनगढ़ थाना क्षेत्र की डिकेन पुलिस चौकी पर दो डंपर चालकों को हिरासत में लेकर मारपीट करने और छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपए मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों ने शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसपी ने मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को सौंपी है।

यह घटना 6 अगस्त की रात रतनगढ़-डिकेन मार्ग पर हुई थी। रात करीब 9 से 10 बजे एक बस और डंपर क्रमांक आरजे 09-जीसी -6566 के बीच मामूली टक्कर हो गई थी। पीड़ितों का आरोप है कि हादसे के बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति बन गई थी और बस चालक व मालिक ने पुलिस कार्रवाई नहीं कराने की बात कही थी। इसके बावजूद, डिकेन पुलिस ने डंपर को चौकी में खड़ा

करवाकर उसके चालक सावरा गुर्जर और प्रधान मीणा को हिरासत में ले लिया। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि रात करीब 12 बजे चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह चौहान ने दोनों चालकों को छोड़ने के बदले 50 हजार रुपए की मांग की। राशि नहीं देने पर उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। डंपर मालिक बाबूलाल गुर्जर के चौकी पहुंचने के बाद रात में वाहन तो छोड़ दिया गया, लेकिन दोनों चालकों को अगली सुबह तक हिरासत में ही रखा गया। चालकों ने बताया कि अगले दिन विधायक ओमप्रकाश सकलेचा द्वारा चौकी प्रभारी को फोन करने के बावजूद उन्हें नहीं छोड़ा गया।

दबाव बनाकर वीडियो बनाया: बाद में जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान के हस्तक्षेप और पुलिस अधीक्षक से बातचीत के बाद दोनों चालकों को रिहा किया गया। चालकों ने आरोप लगाया कि रिहाई से पहले उनसे सादे कागजों पर जबरन हस्ताक्षर करवाए गए। साथ ही, दबाव बनाकर एक वीडियो रिकॉर्ड कराया गया, जिसमें उनसे पुलिस द्वारा मारपीट नहीं करने की बात कहलवाई गई। चौकी व घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने, अपनी मेडिकल जांच करवाने, निष्पक्ष जांच करने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जांच के बाद करेंगे कार्रवाई: नीमच एसपी राजेश व्यास ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और इस संबंध में आवेदन भी आया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच एएसपी के द्वारा करवाई जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

नीमच के आदित्य जैन को प्रतिष्ठित राष्ट्र स्तरीय रामायणी सम्मान

नीमच। ज्ञानोदय विश्वविद्यालय, नीमच के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में सेवारत सहायक प्राध्यापक आदित्य जैन को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय रामायणी सम्मान 2026' के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 19 अगस्त को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य समारोह में, रामायण रिसर्च काउंसिल द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर भारतीय अध्ययन केंद्र के सहयोग से प्रदान किया जाएगा।

रामायण रिसर्च बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अध्यक्ष एवं सांसद श्री अजय भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर 28 विभूतियों का चयन 7 श्रेणियों में किया गया है। नीमच के श्री आदित्य जैन को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से अध्यापन, शोध एवं मौलिक लेखन के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा, जीवन मूल्यों के संवर्धन और समाज में नैतिक व मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि श्री जैन के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने अध्यात्म, विज्ञान, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरण और सांस्कृतिक महत्व के विषयों पर मौलिक शोध पत्र तैयार किए हैं। श्री जैन देश के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित 35 से अधिक शैक्षणिक सेमिनार एवं कॉन्फ्रेंस में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जीवन मूल्यों पर आधारित आचार्य श्री तुलसी के उत्कृष्ट विचारों का संकलन कर 'सृजन' नामक पुस्तक का सृजन किया है, जो साहित्य और दर्शन का एक प्रमुख दस्तावेज है।

अपार आईडी से सुरक्षित रहेंगे छात्रों के शैक्षणिक दस्तावेज...

नीमच। जिला शिक्षा विभाग नीमच द्वारा विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए अपार आईडी के निर्माण एवं सत्यापन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थी की विशिष्ट शैक्षणिक पहचान है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेख डिजिटल रूप से सुरक्षित एवं व्यवस्थित रहेंगे। साथ ही, शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, स्थानांतरण, प्रमाण-पत्रों के सत्यापन तथा अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में सुविधा प्राप्त होगी। अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों का संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। विद्यालय परिवर्तन अथवा उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय शैक्षणिक अभिलेखों के आदान-प्रदान में सुविधा होगी। विभिन्न शैक्षणिक सेवाओं एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग में भी अपार आईडी सहायक होगी।

जिले के सभीस्कूलों को प्रत्येक पात्र विद्यार्थी की अपार आईडी का निर्माण एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में वर्तमान में लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण की प्रगति दर्ज की गई है। शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर में — आदित्य बिड़ला सीनियर सेकंडरी स्कूल खोर की टीम प्रथम

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 संपन्न

नीमच। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास, प्राकृतिक संपदा एवं पर्यटन स्थलों से परिचित कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, नीमच में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 111 स्कूलों की 111 टीमों के 333 छात्रों ने शिक्षकों संग सहभागिता की।

प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में दो घंटे की लिखित परीक्षा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश के सामान्य ज्ञान, पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण, कला-संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों से संबंधित 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। लिखित परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छह टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए किया गया। द्वितीय चरण में चयनित छह टीमों के बीच मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चले इस चरण में विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के पर्यटन, इतिहास, कला-संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों का जवाब दिया।

खोर की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान: मल्टीमीडिया क्विज के बाद घोषित परिणाम में आदित्य बिड़ला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खोर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में प्रतिभा जैन, शिवानी प्रसाद एवं अभिषेक शामिल रहे। टीम आगामी राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में नीमच जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डिकेन की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में डिम्पल, जयश्री एवं खुशी पाटीदार शामिल रहीं।